7:38
Date: 09/05/2025

# जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 01.05.2025 को कलेक्ट्रेट समागार, में अलीगढ़ जिले के "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत।

जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 01.05.2025 को, जिलाधिकारी कार्यालय समागार, अलीगढ़ में "जल जीवन मिशन" योजनान्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेः–

1. मुख्य विकास अधिकारी,अलीगढ़।
2. श्री लोकेश शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
3. श्री कैलाश चन्द्र, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
4. श्री हेमन्त कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
5. श्री अनिल कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
6. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
7. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
8. श्री रमेश कोपाडी, परियोजना प्रबन्धक, मैसर्स–आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
9. श्री गौरव शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0।
10. श्री ग्यान प्रकाश, परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू (जे0एम0सी0)।
11. समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी अलीगढ़।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में **"जल जीवन मिशन"** के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ में सूचीबद्ध फर्मों क्रमशः 1–मैसर्स–आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़, 2–मैसर्स कल्पतरू (जे0एम0सी0), अलीगढ़ एवं 3–मैसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटैक लि0, अलीगढ़ द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नानुसार निर्देशित किया गया :–

1. **मै0 ऑयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0:**–जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–2) जनपद में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 155 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 155 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 120 नग अवर जलाशयों पर ही कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से मात्र 32 स्थानों पर अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को 53 नग (जे0जे0एम0 पोर्टल की टैबल संख्या–20 के अनुसार) अवर जलाशयों पर कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया गया है, जिन अवर जलाशयों पर फर्म द्वारा 76 प्रतिशत या उससे अधिक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ऑयन एक्सचैंज के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 30 मई 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा लक्षित 206 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान में 59 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उनमें से 100 राजस्व ग्रामों को चिन्हित कर उन योजनाओं पर 30 मई तक पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त 76745 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 64400 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिस पर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना निदेशक को प्रतिदिन 200 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 206 राजस्व ग्रामों में से 159 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिस पर महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 10 योजनाओं के 11 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको "हर घर जल" घोषित कर प्रमाणीकरण कराया जा चुका है।

2. **मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0:**– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–3) जनपद में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 152 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु

फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 156 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 136 नग अवर जलाशयों पर ही कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से मात्र 45 स्थानों पर अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है. जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को उन 42 नग (जे0जे0एम0 पोर्टल की टैबल संख्या–20 के अनुसार) अवर जलाशयों पर कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया गया है, जिन अवर जलाशयों पर फर्म द्वारा 76 प्रतिशत या उससे अधिक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मै0 कल्पतरू (जे0एम0सी0) के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 30 मई 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 207 लक्षित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष उनके द्वारा 96 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी 125 राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 63644 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 58216 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिस पर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना निदेशक को प्रतिदिन 150 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तैंक कुल 207 राजस्व ग्रामों में से 178 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिस पर महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण करने को निर्देशित किया गया। साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 29 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको "हर घर जल" घोषित कर प्रमाणीकरण कराया जा चुका है।

<u>**मै0 पी0एन0सी0 लि0**</u>:– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–3) जनपद में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 417 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 417 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 362 नग अवर जलाशयों पर ही कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से मात्र 86 स्थानों पर अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नही किया गया है साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को उन 76 नग (जे0जे0एम0 पोर्टल की टैबल संख्या–20 के अनुसार) अवर जलाशयों पर कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया गया है, जिन अवर जलाशयों पर फर्म द्वारा 76 प्रतिशत या उससे अधिक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।। पी0एन0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 30 मई 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा लक्षित 654 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 322 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन 400 राजस्व ग्रामों पर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 253041 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 236453 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिस पर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना निदेशक को प्रतिदिन 250 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 654 राजस्व ग्रामों में से 512 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिस पर महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण करने को निर्देशित किया गया। साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 69 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको "हर घर जल" घोषित कर प्रभावीकरण कराया जा चुका है। जिस पर महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण करने को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी महोदय, द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सभी फर्मों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 30.05.2025 तक उन योजनाओं की सूची उपलब्ध करायें जिन योजनाओं पर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा

साथ ही उन सभी योजनाओं पर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में हर माह घटकवार 25 प्रतिशत से अधिक तीव्रता लाने को आदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी फर्मों को उन स्थानों पर जहां ट्यूबवैल बोरिंग इत्यादि शेष है अथवा खारा पानी पाये जाने के कारण नवीन भूमि का चिन्हांकन किया जाना है उन सभी योजनाओं पर ई0आर0टी0 टैस्ट के माध्यम से भूमि के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही जिन स्थानों पर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी स्थानों को तत्पश्चात मोटरेबल किया जा चुका है एवं यथाशीघ्र पाइप लाईन टेस्टिंग कराते हुये काटी गयी ट्रैंच के पुर्नस्थापन का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त फर्मों को उन योजनाओं को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया जिन पर 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है तथा आगामी समय में ''हर घर जल'' प्रदर्शित कराया जाना प्रस्तावित हैं। बैठक में उपस्थित सभी आई0एस0ए0 संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई को महोदय द्वारा आदेशित किया गया है कि विकास खण्ड स्तर पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराई जा रही समस्त प्रचार–प्रसार की गतिविधियों को खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कराया जाना सुनिश्चित करें और इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय, को भी समय–समय पर अवगत करायें।

05/05/2025

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।**

पत्रांक– 775 / शि0 / अनु0 श्रा0 / 33 दिनांक– 5-5-2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
6. जिला पंचायतराज अधिकारी, अलीगढ़।
7. खण्डान्तर्गत समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर्स।
8. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
9. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
10. परियोजना प्रबन्धक, मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
11. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0, अलीगढ़।
12. परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0, अलीगढ़।

05/05/2025

अधिशासी अभियन्ता